भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 152
16 दिसम्बर, 2022 को उत्तर के लिए

मध्य प्रदेश में आर्मी स्कूल

***152. श्री गजेन्द्र उमराव सिंह पटेल:**

श्री दुर्गा दास उइके :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का मध्य प्रदेश में आर्मी स्कूल स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो उनके स्थानों का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो राज्य में ऐसे स्कूलों की स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या मध्य प्रदेश के जनजाति बाहुल्य वाले जिलों में ऐसा कोई विद्यालय स्थापित किए जाने की संभावना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) मध्य प्रदेश में उन स्थानों का ब्यौरा जिला-वार क्या है जहां वर्तमान में आर्मी स्कूलों का बुनियादी ढांचा निर्माणाधीन है;

(ङ) क्या खरगोन, बड़वानी और बैतूल संसदीय क्षेत्रों में कोई नया आर्मी स्कूल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह)

(क) से (च) : एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है ।

"मध्य प्रदेश में आर्मी स्कूल" के बारे में लोक सभा में दिनांक 16 दिसम्बर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए तारांकित प्रश्न संख्या 152 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।

(क) और (ख) : जी, नहीं । वर्तमान में, मध्य प्रदेश राज्य में सात आर्मी पब्लिक स्कूल कार्य कर रहे हैं।

(ग) और (घ) : शून्य ।

(ङ) और (च) : जी, नहीं । खरगोन, बड़वानी और बैतूल में नया आर्मी स्कूल स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****